भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 1376
सोमवार, 28 जुलाई, 2025/6 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**होशंगाबाद में क्रूज़ भारत मिशन**

**1376. श्री दर्शन सिंह चौधरी:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या होशंगाबाद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में नर्मदा नदी, तवा बांध और डोकरी खेड़ा बांध में क्रूज़ पर्यटन की संभावना को देखते हुए क्रूज़ भारत मिशन को कार्यान्वित किए जाने की संभावना है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): क्रूज़ पर्यटन सहित पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास और संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। मंत्रालय विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करता है।

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार "क्रूज़ भारत मिशन 30 सितंबर 2024 को शुरु किया गया था, ताकि क्रूज़ क्षेत्र को नियंत्रित करने वाली नीति, विनियम और अन्य पहलुओं सहित हस्तक्षेप तैयार करने के लिए अंतर-मंत्रालयी अप्रोच हेतु एक रूपरेखा प्रदान की जा सके और सभी विनियामक एजेंसियों, जैसे कि सीमा शुल्क, आव्रजन, सीआईएसएफ, राज्य पर्यटन विभाग, राज्य समुद्री एजेंसियों, जिला प्रशासन और स्थानीय पुलिस की जिम्मेदारीयुक्त भागीदारी हो सके।

*****